वैभव सूर्यवंशी भारत के फ्यूचर हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

- सनथ जयसूर्या

पूर्व श्रीलंकाई कप्तान, वैभव सूर्यवंशी की तारीफ करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

जहीर खान

पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने सोमवार को पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान को आईपीएल 2027 के लिए अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। जहीर अब स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में टीम के लगातार तीसरे सत्र में प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाने के बाद पद छोड़ दिया था। फ्लेमिंग के जाने के साथ सीएसके के साथ उनका करीब 18 साल लंबा जुड़ाव भी समाप्त हो गया। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद संभाला।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने1951 एशियाई खेल में 51 पदक जीते थे, जिसमें 15 स्वर्ण, 16 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल था। एशियाई खेल की पदक तालिका में भारत से आगे सिर्फ जापान था, जिसने 60 पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया था।

जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप अनंतपुर में आयोजित

जयपुर, 21 सितम्बर। राजस्थान की जूनियर बालिका फुटबॉल टीम ने अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में आयोजित जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया। आज लीग का लास्ट मैच पिछले साल की विजेता बंगाल टीम से खेला गया दोनों टीमों में काफी संघर्षपूर्ण मैच हुआ। मुकाबले में 40 मिनट में बंगाल ने एक मात्र गोल किया जो अंत तक कायम रहा। टूर्नामेंट में राजस्थान का प्रदर्शन इस प्रकार रहा :- राजस्थान बनाम ओडिशा 1-2 से हार, राजस्थान बनाम महाराष्ट्र 0-5 से हार, राजस्थान बनाम पश्चिम बंगाल 0-1 से हार। टीम ने सभी मैचों में संघर्षपूर्ण खेल दिखाया, विशेषकर ओडिशा और गत चैंपियन पश्चिम बंगाल के खिलाफ अंतिम मिनट तक मुकाबला बराबरी पर रखा। हमारी बालिकाओं ने पहली बार इस स्तर पर इतनी मजबूत टीमों के खिलाफ खेला है और यह अनुभव उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह जसोल और सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन बेटियों ने प्रदेश का नाम गर्व से ऊंचा किया है। संघ द्वारा जल्द ही बालिकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा।

ग्रीनफिट मैराथन 27 को जयपुर के विद्याधर नगर से होगी

जयपुर, 21 सितम्बर। फिटनेस, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ आधार प्राइम ग्रीनफिट हाफ मैराथन-सीजन 3 का आयोजन 27 सितंबर को विद्याधर नगर स्थित सन एंड मून कॉम्प्लेक्स से किया जाएगा। ग्रीनफिट फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस साल ग्रीनफिट फाउंडेशन द्वारा आयोजित आधार प्राइम ग्रीनफिट हाफ मैराथन पावर्ड बाय खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट एंड को-पावर्ड बाय जीसीएलड्रीम्स में जयपुर नगर निगम की एक अहम सहभागिता है। 'रन फॉर ग्रीनर अर्थ' के थीम पर आयोजित इस मैराथन में अब तक 8,500 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और 10 हजार से अधिक रनर्स के शामिल होने की संभावना है। मैराथन में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दीया कुमारी मैराथन मुख्य अतिथि और जयपुर सांसद मंजू शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी कमान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पी.एस. शेखावत; मेंटोर, अजय अग्रवाल; रेस डायरेक्टर - सेवानिवृत्त, लेफ्टिनेंट कर्नल, विजयपाल सिंह और फेस ऑफ द इवेंट, राजेश चौधरी भी आयोजन में शामिल होंगे। प्रतिभागियों के लिए 21 किमी टाइम्ड हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी टाइम्ड रन तथा 3 किमी फन रन की श्रेणियां रखी गई हैं। विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं के लिए 2.55 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि निर्धारित किए गए है। मैराथन का रिपोर्टिंग और फ्लैग ऑफ 27 सितंबर को सुबह 5:30 बजे होगा।

यतीन्द्र सिंह मेमोरियल गोल्फ में मनोविराज विजेता, कमल कुमावत उपविजेता

जयपुर, 21 सितम्बर। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में 19 व 20 सितंबर को आयोजित 2 दिवसीय मासिक मेडल नौवें संस्करण के यतींद्र सिंह मेमोरियल गोल्फ प्रतियोगिता में प्रोफेशनल प्रो गोल्फर वर्ग में धमाकेदार प्रदर्शन कर कमल कुमावत ने 143 अंक प्राप्त कर उप विजेता बने। वहीं इसी वर्ग में मनोविराज 139 अंकों के साथ विजेता बने। एमेच्योर वर्ग में अहसास खानेजऊ 138 अंकों से विजेता एवं अनास शमशी 138 अंकों से उप विजेता रहे। 0 से 9 हैंडीकैप वर्ग में आरव संचेती विजेता 37 एवं युवराज सिंह 36 अंक लेकर उपविजेता बने। 10 से 16 हैंडीकैप्ड संवर्ग में प्रियांशु मुद्गल विजेता 36 और आलोक शर्मा 35 अंकों के साथ उप विजेता रहे। अन्य हैंडिकैप् संवर्ग 17 से 24 में विशेष अगनानी 42 अंक विजेता और आर सी देवंदा 38 अंक लेकरवउप विजेता बने। टूर्नामेंट में बेस्ट लीजेंड गोल्फर श्रेणी में डॉ राजेश गुप्ता, बेस्ट सीनियर गोल्फर श्रेणी में धर्मपाल सिंह, बेस्ट लेडी गोल्फर में मिराया यादव विजेता रहे। नीयरेस्ट टू पिन लक्ष्यराज पूनिया, लांगेस्ट ड्राइव के कुणाल सिंह जूनियर, वेटरेनस लांगेस्ट ड्राइव के जी एस हीरा, लेडीज लांगेस्ट ड्राइव के गाथा जैन, 2 इंच पर स्ट्रेटेस्ट ड्राइव के लिए विजेता जयमाल सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किए।

एशियाई खेल : भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंडोनेशिया को 17-1 से रौंदा

गिफू, 21 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेल 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पूल बी के मुकाबले में इंडोनेशिया को 17-1 से करारी शिकस्त दी। गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मुकाबले में भारत की ओर से दीपिका, रुतुजा पिसाल और नवनीत कौर ने हैट्रिक लगाई। भारत की ओर से सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी और साक्षी राणा ने दो-दो गोल किए, जबकि इशिका और कप्तान सलीमा टेटे ने भी गोल दागे। इससे पहले भारत ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया था। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की टीम लगातार दो जीत के साथ अजेय बनी हुई है। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को थाईलैंड से होगा।

भारत को शुरुआती क्वार्टर में लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा। टीम ने लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और दीपिका ने आठवें मिनट में चौथे प्रयास पर गोल कर भारत का खाता खोला। इसके बाद भारत ने चार मिनट के भीतर तीन और गोल दागकर पहले क्वार्टर की समाप्ति तक 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा और लालरेमसियामी ने अपना दूसरा गोल करते हुए टीम की बढ़त को और मजबूत किया। मध्यांतर तक भारत 9-0 से आगे था।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में खेल की धारा के विपरीत इंडोनेशिया ने अपना एकमात्र गोल किया। इनेस अडितिया ने भारतीय गोलकीपर बिचु देवी को छकाते हुए नजदीकी पोस्ट से गेंद को गोल में पहुंचाया। चौथे क्वार्टर में नवनीत कौर ने दमदार बैकहैंड शॉट के जरिए गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की और भारत ने 17-1 की बड़ी जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। दो मैचों में छह अंकों के साथ भारत पूल बी में शीर्ष पर है। टीम का गोल अंतर भी 35 का है। हालांकि, ग्रुप चरण में भारत के सामने अब अपेक्षाकृत कड़ी चुनौतियां होंगी।

एशियाई खेल बैडमिंटन : लक्ष्य, आयुष और श्रीकांत ने दिलाई भारत को बांग्लादेश पर 3-0 की जीत

आइची-नगोया, 21 सितंबर। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने एशियाई खेल-2026 में शानदार शुरुआत करते हुए बांग्लादेश को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सोमवार को पुरुष टीम स्पर्धा में लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और किदांबी श्रीकांत ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को आसान जीत दिलाई। लक्ष्य सेन ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाते हुए पहले मुकाबले में अयमान इब्न जमान को 21-4, 21-12 से हराया। लक्ष्य ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

इसके बाद आयुष शेट्टी ने गौरब सिंघा को 21-4, 21-13 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। भारत को मुकाबला जीतने के लिए केवल एक और जीत की जरूरत थी और अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने अल अमीन जुमर के खिलाफ 21-15, 21-9 से सीधे गेम में जीत दर्ज कर भारत को 3-0 की निर्णायक बढ़त दिला दी।

भारत की तीनों एकल मुकाबलों में जीत के बाद युगल मुकाबले कराने की जरूरत नहीं पड़ी। इस जीत के साथ भारतीय टीम पुरुष टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। अगले दौर में भारत का सामना जापान से होने की संभावना है।

एशियाई खेलों में सोमवार का दिन भारत के लिए निशानेबाजी, मिश्रित मार्शल आर्ट, हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी, मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में सफलताओं से भरा रहा। निशानेबाजी में हिमांशु ढिल्लों ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत और रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता। दोनों ने पार्थ माने के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया था।

क्वालिफिकेशन में रुद्रांक्ष तीसरे, हिमांशु सातवें और पार्थ 11वें स्थान पर रहे थे। मिश्रित मार्शल आर्ट में सुचिका तारियाल ने महिला पारंपरिक 60 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्हें सेमीफाइनल में सिंगापुर की तेओ हुई हून के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने पूल बी में इंडोनेशिया को 17-1 से हराया, जबकि पुरुष कबड्डी टीम ने ग्रुप ए में जापान को 49-23 से शिकस्त दी। मुक्केबाजी में सुमित ने पुरुष 70 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 32 में बुनजोंग सिंसिरी को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप एफ में पाकिस्तान को 3-0 से हराया।

तैराकी में श्रीहरि नटराज पुरुषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में आखिरी स्थान पर रहे। श्रीहरि चीन के शू जियायू (जिन्होंने गोल्ड जीता) और वांग ज़िचेंग (जिन्होंने सिल्वर जीता) का मुक़ाबला नहीं कर पाए। भारतीय खिलाड़ी 25.52 के समय के साथ 10वें और आखिरी स्थान पर रहे। मणि आकाश और गितेश शाह पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल के फाइनल में जगह नहीं बना सके, जबकि धनुष सुरेश पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके।

सॉफ्ट टेनिस में आध्या तिवारी और जय मीना ने मिश्रित युगल में कंबोडिया की वीवा चाओ-चानरोसेका खुन को 5-0 से हराया और मंगोलिया की बुद न्यामदोरज-एंखखुसलेन गनबातर जोड़ी के खिलाफ भी जीत दर्ज की। हालांकि, भारतीय जोड़ी को दक्षिण कोरिया की किम योन- I-जैक्यू पार्क जोड़ी से हार मिली और बाद में फिलीपींस की क्रिस्टी सनौसा-शेरविन नुगुइट जोड़ी के खिलाफ राउंड ऑफ 16 में हार के साथ उसका सफर समाप्त हो गया।

वुशु में न्येमान वांगसू महिला चांगक्वान फाइनल में 15वें स्थान पर रहीं। सेपकटकरा के टीम रेगु ग्रुप बी मुकाबले में भारतीय पुरुष टीम को जापान के खिलाफ हार मिली। स्कीट निशानेबाजी की महिला व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन में पहले दिन के बाद राइजा ढिल्लों नौवें, परीनाज़ धालीवाल 14वें और माहेश्वरी चौहान 16वें स्थान पर रहीं। पुरुषों की स्कीट क्वालिफिकेशन में अनंतजीत सिंह नरूका 21वें, मेराज अहमद खान 26वें और भवतेग सिंह गिल 27वें स्थान पर रहे।

आर. प्रज्ञानंद ने अनीश गिरी को दी मात, शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम 3-1 से जीती

नई दिल्ली, 21 सितम्बर। समरकंद में चल रहे 46वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय पुरुष टीम ने रविवार को नीदरलैंड्स के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें प्रज्ञानानंदा और अनीश गिरी की बाजी पर थीं। पहले बोर्ड पर उतरे प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की, जबकि निचले बोर्ड पर विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने भी जीत दर्ज की है।

भारत और नीदरलैंड्स के बीच रविवार को हुए मुकाबले में शतरंज प्रेमियों की नजरें पहले बोर्ड पर टिकी थीं। यहां भारत के आर. प्रज्ञानानंदा का सामना नीदरलैंड्स के नंबर एक खिलाड़ी अनीश गिरी से हुआ। प्रज्ञानानंदा ने लंबे और कड़े मुकाबले में गिरी को मात देकर 46वें शतरंज ओलंपियाड में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड्स को 3-1 से हरा दिया है। मौजूद जानकारी के अनुसार प्रज्ञानानंदा को इस ओलंपियाड में पहले बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है।

इसका मतलब है कि उन्हें हर मुकाबले में टीम के सबसे मजबूत संभावित प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ सकता है। विश्व चैंपियन डी. गुकेश को चौथे बोर्ड पर उतारे जाने के बाद शतरंज जगत में इस फैसले को लेकर चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन प्रज्ञानानंदा की मौजूदा शानदार फॉर्म को देखते हुए पहले बोर्ड पर उनकी मौजूदगी पर सवाल नहीं उठे।

डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद थाई बैडमिंटन स्टार पिचामोन निलंबित

नई दिल्ली, 21 सितम्बर। एशियाई खेलों में डोपिंग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी पिचामोन ओपात्नीपुथ को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सोमवार को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। उनके नमूने में फ्यूरोसेमाइड नाम का प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, यह अभी अंतिम फैसला नहीं है और मामले की प्रक्रिया जारी है। थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी पिचामोन ओपात्नीपुथ को 2026 एशियाई खेलों के दौरान अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सोमवार को बताया कि खिलाड़ी के एक नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ फ्यूरोसेमाइड पाया गया है। यह नमूना प्रतियोगिता से बाहर की जांच के तहत 17 सितंबर को जापान के नागोया में लिया गया था। मौजूद जानकारी के अनुसार नमूने की जांच में फ्यूरोसेमाइड के सबूत मिले है।

एशियाई खेल : श्रीलंका के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में स्मृति, शेफाली और हरमनप्रीत पर रहेगी नजरें

आइची-नगोया, 21 सितंबर। एशियाई खेल-2026 के महिला क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में मंगलवार को भारत का सामना श्रीलंका से होगा। लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश में भारतीय टीम के लिए स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की बल्लेबाजी अहम भूमिका निभाएगी। दोनों टीमें कुछ ही दिन पहले एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने हुई थीं। शेफाली वर्मा मौजूदा समय में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। उन्होंने 49 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और नौ छक्के शामिल थे। इसके साथ ही शेफाली महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 छक्के पूरे करने वाली दूसरी भारतीय बनीं। उनके नाम अब 104 छक्के हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज के सर्वाधिक छक्के हैं। अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट को मिलाकर टी20 नॉकआउट मुकाबलों में शेफाली ने 12 मैचों की 12 पारियों में 35.40 की औसत और 159.45 के स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और एक अर्धशतक है, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 100 रन है। स्मृति मंधाना ने भी टी-20 नॉकआउट मुकाबलों में प्रभावी प्रदर्शन किया है। उन्होंने 13 पारियों में 25.30 की औसत और 132.12 के स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए हैं। उनके नाम एक अर्धशतक है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए बनाया गया 87 रन है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का नॉकआउट मुकाबलों में रिकॉर्ड तीनों बल्लेबाजों में सबसे अधिक निरंतर रहा है। उन्होंने 12 मैचों में 324 रन बनाए हैं। उनके नाम दो अर्धशतक हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन है, जो उन्होंने 2025 महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में मुंबई इंडियंस की ओर से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

एशियाई खेलों के टेबल टेनिस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया

नई दिल्ली, 21 सितम्बर। सोमवार को आइची-नागोया में एशियाई खेलों के पुरुष टेबल टेनिस टीम इवेंट में, ईरान से मिली हार के बाद भारत ने पाकिस्तान पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। हरमीत देसाई ने भारत को जीत के साथ शुरुआत दिलाई; उन्होंने पहले मैच में खान मुहम्मद को सीधे गेम में 11-4, 11-3, 11-5 से हराया। इसके बाद सथियान ज्ञानसेकरन ने अब्बास खान को 11-1, 11-8, 11-9 से हराकर भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। तीसरे मैच में पायस जैन ने खान मुहम्मद को 11-2, 11-5, 11-7 से हराकर क्लीन स्वीप पूरा किया और भारत ने बिना कोई गेम गंवाए यह मुकाबला जीत लिया। पिछले मैच में ईरान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद भारत ने इस जीत से ज़बरदस्त वापसी की। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत इंडोनेशिया पर जीत के साथ की थी। इस नतीजे से भारत अस्थायी रूप से ग्रुप एफ में तीन मैचों में पांच अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। वह ईरान से आगे है, जिसका इंडोनेशिया के खिलाफ एक मैच अभी बाकी है। महिलाओं की टीम इवेंट में, भारत ने सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में पाकिस्तान को बुरी तरह हराने के बाद क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बना ली। भारतीय महिला टीम ने रविवार को सिंगापुर के ख़िलाफ़ कड़े मुक़ाबले में 3-2 से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी और फिर पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की।

विश्व क्रिकेट के दिग्गज विराट और रोहित के खिलाफ खेलना हमेशा खास : होल्डर

नई दिल्ली, 21 सितंबर। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 27 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप-2027 की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी। इसी श्रृंखला से भारत के घरेलू सत्र की भी शुरुआत होगी। श्रृंखला से पहले वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने जियोस्टार से बातचीत में भारतीय कप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को लेकर अपनी राय साझा की। शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलने के अनुभव पर होल्डर ने कहा, मैंने शुभमन के नेतृत्व में खेला है। वह एक लीडर हैं। वह बहुत ज्यादा बोलने वाले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन जब बोलते हैं तो उनकी बात बिल्कुल स्पष्ट होती है और वह टीम से क्या चाहते हैं, इसे पूरी तरह अधिकार के साथ बताते हैं। वह एक तरह की शांति और संतुलन लेकर आते हैं, जो एक कप्तान के लिए अच्छा गुण है। मैं उनके इन गुणों का बहुत सम्मान करता हूं और जब मैंने उनके नेतृत्व में खेला तो मुझे यह बहुत पसंद आया। उन्होंने कहा, वह कप्तान के रूप में अभी अपने कार्यकाल की शुरुआत में हैं और निश्चित रूप से मैदान पर सीख रहे हैं। वह अपने खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें रखेंगे।

एशियाई खेल : पीटी उषा ने नामीबिया ओलंपिक समिति की सीईओ से की मुलाकात

आइची-नागोया, 21 सितंबर। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को नामीबिया राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंरी पार्कर से मुलाकात की। दोनों ने 2026 एशियाई खेलों के दौरान भारत और नामीबिया के बीच खेल संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस बीच, सॉफ्ट टेनिस में आध्या तिवारी और जय मीणा की मिश्रित युगल जोड़ी ने एशियाई खेलों के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरुआत कंबोडिया की वीवा चाओ और चानरोसेका खुन को 5-0 से हराकर की। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 4-1, 4-0, 4-2, 4-1, 4-2 के सेट स्कोर से जीता। इसके बाद आध्या और जय ने मंगोलिया के बुद न्यामदोरज और एंखखुसलेन गानबातर को भी 5-0 से हराया। इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 4-2, 4-1, 4-1, 4-0, 5-3 के सेट स्कोर से जीत दर्ज की।

गंभीर ने अमित शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली, 21 सितम्बर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और अपना समय और मार्गदर्शन देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। गंभीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के साथ एक सुखद मुलाकात। उनके समय और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूँ। उनके अच्छे स्वास्थ्य और कुशलता की कामना करता हूँ।

एशियाई खेल 2026 से पहले ऐतिहासिक टी-20 में से भिड़ने को तैयार है जापान

नई दिल्ली, 21 सितम्बर। जापान के क्रिकेटर 2026 एशियाई खेलों के अभियान से पहले भारत के खिलाफ़ एक खास टी 20 इंटरनेशनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे हैं। उनका मकसद मौजूदा 20 वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ़ जापानी जज़्बा दिखाना है। जापान के ऑलराउंडर बेंजामिन इतो-डेविस, जिन्होंने 25 20 मैचों में 263 रन बनाए हैं और 31 विकेट लिए हैं, ने इस मैच को लेकर उत्साह ज़ाहिर किया। उन्होंने कहा कि वे इस चुनौती को स्वीकार करने और ग्लोबल स्टेज पर गर्व के साथ जापान का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।

एशियाई खेल कबड्डी : भारत ने जीत के साथ किया अभियान का आगाज, जापान को 49-24 से हराया

आइची-नगोया, 21 सितंबर। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेल 2026 में अपने अभियान की जीत के साथ शुरुआत की। ग्रुप ए के पहले मुकाबले में भारत ने सोमवार को टोकेई सिटिजन्स जिम्नेजियम में जापान को 49-24 से हराया। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे अयान लोचब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आशु मलिक के साथ मिलकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारत ने पहले हा फ की समाप्ति तक 31-9 की मजबूत बढ़त बना ली। एक अन्य पदार्पण कर रहे देवांक दलाल ने भी आक्रमण में प्रभावी प्रदर्शन किया और भारत ने पहले 20 मिनट में जापान पर लगातार दबाव बनाए रखा। दूसरे हाफ की शुरुआत असलम इनामदार ने सफल रेड के साथ की। इसके बाद भी भारत ने मुकाबले पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। जापान ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 15 अंक हासिल किए, जबकि भारत ने 18 अंक जोड़े, लेकिन तब तक भारतीय टीम ने निर्णायक बढ़त बना ली थी। भारत ने 36 आउट अंक, आठ ऑलआउट अंक और दो सुपर टैकल अंक हासिल किए, जबकि जापान के खाते में नौ बोनस अंक रहे। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया से होगा।

जयपुर में 3 से 6 अक्टूबर तक होगी 51वीं सब-जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप

जयपुर, 21 सितम्बर। योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप का आयोजन 3 से 6 अक्टूबर तक जयपुर में अलंकार महिला पीजी महाविद्यालय में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 29 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के करीब 925 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनके अलावा 200 से अधिक राष्ट्रीय रेफरी, तकनीकी अधिकारी और अन्य पदाधिकारी भी प्रतियोगिता से जुड़े रहेंगे। योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के महासचिव एवं योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव डॉ. अभिनव जोशी ने सोमवार को यहां बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर योग लीग की ओर से योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं अलंकार महिला पीजी महाविद्यालय के चेयरमैन लालचंद कटारिया आयोजन समिति के संरक्षक होंगे। आयोजन समिति के संयोजक अनिल व्यास और योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. शेर सिंह सहित तकनीकी अधिकारी, स्वयंसेवक और आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हैं। जोशी ने बताया कि राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में करीब 715 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि आर्टिस्टिक सोलो, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक योग और फ्री फ्लो योग स्पर्धाओं में करीब 210 खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ी योगासन में तकनीक, लचीलापन, शक्ति, संतुलन, एकाग्रता और कलात्मक प्रस्तुति का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स, आर्टिस्टिक सोलो, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक योग, फ्री फ्लो योग और प्रोफेशनल वूमेन योग की छह श्रेणियों में मुकाबले होंगे। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में 8 से 10, 10 से 12, 12 से 14, 14 से 16 और 16 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं के अलग-अलग आयु वर्ग होंगे। जोशी ने बताया कि राष्ट्रीय रेफरी एवं अधिकारियों की बैठक 2 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। मुख्य योगासन प्रतियोगिता 3 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे शुरू होगी और 4 व 5 अक्टूबर को सुबह 8 से शाम 7 बजे तक मुकाबले होंगे। योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की वार्षिक आमसभा भी 3 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे होगी, जिसमें संबद्ध राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अध्यक्ष और सचिव भाग लेंगे। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे होगा।

1974 से योग खेलों के विकास में जुटा फेडरेशन

योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की स्थापना 1974 में हुई थी और वह पांच दशक से अधिक समय से देश में योगासन को खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। फेडरेशन अब तक 50 राष्ट्रीय योग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर चुका है। 50वीं गोल्डन जुबली सीनियर राष्ट्रीय योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अक्टूबर 2025 में मैसूर में और 50वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिसंबर 2025 में रांची में आयोजित हुई थी। फेडरेशन के अनुसार भारतीय योगासन खिलाड़ियों ने एशियाई देशों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया है। फेडरेशन का एशियन योग फेडरेशन और इंटरनेशनल योग स्पोर्ट्स फेडरेशन से भी जुड़ाव रहा है।